## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 19.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने भारत के भर्ती प्लेटफार्म ए पी एन ए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
2. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में परीक्षा की तैयारियों, दबाव से निपटने और नेतृत्व के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी।
3. द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने मध्योत्तर अंडमान में खराब कनेक्टिविटी से संबंधित मुद्दों को बी एस एन एल के मुख्य महाप्रबंधक के समक्ष उठाया।
4. द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम का कड़ाई से अनुपालन करने का आग्रह।

<><><><><><><>

देश में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम के रूप में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने भारत के अग्रणी नौकरी भर्ती प्लेटफार्मों में से एक एपीएनए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर सालाना दस लाख से अधिक नौकरी के अवसर लाएगी, जिससे घरेलू रोजगार के रास्ते मजबूत होंगे। एनसीएस पोर्टल नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करता है, इसके लॉन्च के बाद से चालीस लाख से अधिक पंजीकृत नियोक्ता और चार दशमलव चार शून्य करोड़ रिक्तियां उपलब्ध हैं। यह सहयोग भारत में प्रतिभा और रोजगार के बीच अंतर को पाटने तथा आर्थिक विकास और कार्यबल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण को बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम से देखा है। वर्ष दो हजार अट्ठारह से शुरू हुए इस कार्यक्रम में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कार्यक्रम को केवल इंस्टाग्राम पर तीस करोड़ से अधिक बार देखा गया और डेढ़ करोड़ से अधिक जुड़ाव मिले हैं। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा में दस फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में देश भर के पैंतीस विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इसमें परीक्षा के विभिन्न पहलुओं जैसे तैयारी, दबाव से निपटने और नेतृत्व के बारे में बातचीत शामिल थी। इससे पहले सम्पन्न कार्यक्रम की सात कड़ियों में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और सद्गुरु ने कई मुद्दों पर विद्यार्थियों से बात की।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन, वानप्रस्थ संस्थान के वरिष्ठ नागरिक डे केयर केन्द्र में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए शिविर आयोजित कर आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन की टीम ने स्वास्थ्य निदेशालय के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया। दक्षिण अंडमान में सत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय हेल्पलाइन और आयुष्मान कार्ड पहल के बारे में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने कार्यक्रम के बारे में बताया और डे केयर केन्द्र की विशेषता के बारे में भी जानकारी दी। परियोजना प्रबंधक सुषमा पांडे ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक वी आई पी रोड स्थित डब्लयू सी डी नियंत्रण कक्ष में इस हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद से संबद्ध होटल प्रबंधन संस्थानों में बीएससी –आतिथ्य और होटल प्रशासन पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। उम्मीदवार अब अट्ठाईस फरवरी तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने मध्योत्तर अंडमान में खराब कनेक्टिविटी से संबंधित मुद्दों को बी एस एन एल के मुख्य महाप्रबंधक के समक्ष उठाया है। उन्होंने अपने मध्योत्तर अंडमान दौरे का हवाला देते हुए कहा कि बी एस एन एल टावरों की स्थापना के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में निवासियों को खराब कनेक्टिविटी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण लोगों को आवश्यक डिजिटल सेवाएं नहीं मिल पाती है। सांसद ने कहा कि डिजिटल इंडिया के कार्यान्वयन के साथ, निर्बाध नेटवर्क कनेक्टिविटी अब लोगों की आवश्यकता बन गई है। इन मुद्दों के मद्देनजर, सांसद ने मुख्य महाप्रबंधक से इन क्षेत्रों में सभी बी एस एन एल के नेटवर्क कवरेज की तत्काल समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह का कड़ाई से अनुपालन करने का आग्रह किया गया है। संशोधित बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह की अनुसूची–दो के तहत, सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों को नियमों का पालन करने को कहा गया है। बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह और इसके संशोधनों के तहत निर्धारित तरल अपशिष्ट के मानकों को संकलित किया जाना चाहिए। इस संबंध में दिशा–निर्देश केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव की ओर से तिमाही आधार पर प्रत्येक विभाग में बनावटी अभ्यास आयोजित करने के निर्देशानुसार कल नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय में भूकंप एवं आग पर तीसरा बनावटी अभ्यास आयोजित किया गया। आपदा प्रबंधन निदेशालय ने जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन एवं विद्युत विभाग के समन्वय से बनावटी अभ्यास का आयोजन किया। इसके बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित हुआ, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में जानकारी दी। स्रोत अधिकारियों ने विभाग के कर्मचारियों से विभाग में किसी भी आपात स्थिति के दौरान खुद को बचाने के लिए अलर्ट और चेतावनी जारी करने, सुरक्षित निकासी, खोज और बचाव तकनीकों और प्राथमिक चिकित्सा पर अपना कौशल विकसित करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

जिला प्रशासन की ओर से लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में फरारगंज तहसील के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। मीठाखाड़ी में राजस्व कर्मचारियों ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण को हटाकर पांच सौ वर्ग मीटर क्षेत्र को खाली कराया। तहसील में ही एक व्यक्ति द्वारा मकान बनाकर कब्जा किए गए करीब छः सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को भी मुक्त कराया गया। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने लोगों से इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

गाराचरमा में जंग लगे बिजली के खंभों के चैनलों को बदलने का काय किया जाएगा। इस सिलसिले में पैंथर–1 और पैंथर–2 ट्रांसमिशन लाइनों के साथ गाराचारमा और डॉलीगंज फीडर से भी बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा, डॉलीगंज, अट्टम पहाड़, पुराना पहाड़गांव, और मिन्नी बे शामिल है। कटौती बाईस फरवरी को सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगी।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा–भारत भर के स्कूलों में पचास हजार नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएगी– **द्वीप समाचार** की खबर है। अखबार ने खराब कनेक्टिविटी के संबंध में बी एस एन एल के मुख्य महाप्रबंधक के समक्ष सांसद के अनुरोध को भी प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने शिक्षा मंत्री द्वारा द आइलैंड हेरिटेज क्राफ्ट्स के उद्घाटन के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अपने भीतर के पन्ने पर जगह दी है। छब्बीसवां उप–राष्ट्रपति कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल समापन समारोह के समाचार को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने पर छापा है, जबकि मत्स्य विभाग द्वारा पानी में खतरनाक रसायनिक पदार्थ इस्तेमाल कर मछली पकड़ने वालों को चेतावनी जारी करने के समाचार को **अंडमान शिखा** ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**